तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 12 जुलाई 2026



जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव एवं कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

4



## खबर संक्षेप

### सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग प्लाटून कमान्डर परीक्षा आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमान्डर प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार 12 जुलाई को किया जा रहा है। जिसमें जिले के 7 परीक्षा केन्द्रो में कुल 2256 अभ्यर्थी शामिल हो रहे है। लेबल रहित पारदर्शी व्यक्तिगत पानी की बोतल केवल संबंधित परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाईन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट। मूल पहचान पत्र (जैसे मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस पैनकार्ड/आधार कार्ड अथवा ई-आधार कार्ड)। यदि प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत छपा हो, केवल तभी 02 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ। काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन। ऐसी विवरणात्मक परीक्षा जिसमें चित्र बनाए जाने की आवश्यकता हो तथा इस हेतु आयोग द्वारा भ्ठ पेंसिल के प्रयोग की अनुमति हो के सन्दर्भ में शार्प की हुई 2 एचबी पेन्सिल्स तथा एक इरेज़र। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर उनके विरूद्ध अन्चित साधन के प्रयोग का प्रकरण बनाया जा सकेगा।

### कचहरी चौक का ट्रैफिक सिग्नल फिर शुरू

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के कचहरी चौक का ट्रैफिक सिग्नल पिछले कुछ समय से तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा था। शनिवार को बिलासपुर से पहुंचे मैकेनिक ने सिग्नल की तकनीकी जांच कर खराबी को दूर किया, जिसके बाद ट्रैफिक सिग्नल फिर से प्रारंभ हो गया है। सिग्नल बंद रहने के दौरान चौराहे पर यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। व्यस्त समय में वाहनों की लंबी कतारें लगती थीं और वाहन चालकों को अपनी समझ के आधार पर चौराहा पार करना पड़ता था, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी।

### उचित मूल्य दुकान के लिए 21 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा ने विकासखंड बलौदा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान करमा दुकान और शासकीय उचित मूल्य दुकान अंगारखार दुकान के आबंटन के लिए 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की छायाप्रति के साथ 21 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

### चयन परीक्षा के लिए 31 तक ऑनलाइन आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया हैं। प्राचार्य, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि चयन परीक्षा 28 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वे विद्यार्थी, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई 2025 से पहले तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं, और जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच है, वे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## जिले के निजी विद्यालयों को दो दिन बाद से मिलेगा नि:शुल्क पुस्तक

# माह भर हो गए स्कूल खुले, अब तक हाथ नहीं आई मुफ्त की किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवीन शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक जिले के प्राइवेट स्कूलों को मुफ्त की किताबें नहीं मिल सकी है। सत्र शुरू होने को एक माह होने को है, बावजूद इसके विद्यार्थियों के हाथों में पाठ्यपुस्तकें नहीं पहुंच सकी हैं। किताबों की अनुपलब्धता के कारण स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिले के निजी स्कूलों को 14 जुलाई से बिलासपुर डिपो से पुस्तक दी जाएगी। इसके बाद स्कैन कर किताबें विद्यार्थियों को मिलेंगी। इस पूरी प्रक्रिया में जुलाई के महीना बीत जाएगा।

जांजगीर चाम्पा जिले में 461 निजी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों के 75 हजार 144 विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें दी जानी हैं। सत्र की शुरुआत 16 जून से हो गई है, लेकिन स्कूलों में किताबों के बिना पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिले के स्कूलों को बिलासपुर के डिपो से 14 जुलाई से 21 जुलाई तक किताबों के वितरण किया जाएगा। इस वर्ष शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं फरवरी माह में ही प्रस्तावित हैं। ऐसे में शुरुआती दिनों की पढ़ाई प्रभावित होने से विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है। शिक्षक सीमित संसाधनों के सहारे पढ़ाई कराने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि विद्यार्थियों को एक-दूसरे की पुरानी किताबों या फोटोकॉपी के सहारे अध्ययन करना पड़ रहा है। विकासखंड अकलतरा के लिए 14 जुलाई, बलौदा के लिए 15 जुलाई, बम्हनीडीह के लिए 16 जुलाई, पामगढ के लिए 17 व 18 जुलाई, नवागढ के लिए 19 व 21 जुलाई की तिथि पुस्तक वितरण के लिए निर्धारित की गई है।बिलासपुर डिपो से पुस्तक लाने के बाद स्केनिंग कर विद्यार्थियों को दी जाएगी। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के हांथो में जुलाई माह में पुस्तकें पहुंचने की संभावना कम ही नजर आ रही है।



### जिले में मिलने वाली नि:शुल्क किताबों की स्थिति

| ब्लाक | स्कूल | विद्यार्थी | किताबें |
|---|---|---|---|
| अकलतरा | 42 | 6257 | 38814 |
| बलौदा | 57 | 7603 | 47148 |
| बम्हनीडीह | 76 | 13338 | 82248 |
| पामगढ | 104 | 19621 | 123742 |
| नवागढ | 182 | 28307 | 180805 |
| कुल | 461 | 75144 | 472757 |

पुस्तकें मिलने में देरी उपलब्ध का सीधा असर विद्यार्थियों की शैक्षणिक तैयारी पर पड़ेगा। विशेष रूप से बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति अधिक चिंता का विषय है, क्योंकि बोर्ड परीक्षाएं इस बार फरवरी में ही आयोजित की जानी हैं। ऐसे में तैयारी के लिए उपलब्ध समय पहले ही सीमित है। विद्यालय संचालकों का कहना है कि जिला स्तर पर वितरण की व्यवस्था होती तो समय और परिवहन दोनों की बचत होती तथा विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जा सकती थीं। शिक्षकों का कहना है कि बिना पाठ्यपुस्तकों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। शुरुआती कक्षाओं में बच्चों की बुनियादी पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि जब शिक्षा सत्र निर्धारित तिथि से शुरू हो चुका है और बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम भी पहले तय है, तब पुस्तकों की उपलब्धता में इतनी देरी होना शिक्षा व्यवस्था की तैयारी पर सवाल खड़े करता है।

#### गुजर जाएगा माह

जिले के निजी स्कूलों के 14 जुलाई से 21 जुलाई तक बिलासपुर डिपो से किताबें दी जाएगी। इसके बाद स्कैन कर विद्यार्थियों को किताबें वितरीत की जाएगी। ऐसे में विद्यार्थियों तक किताबें पहुंचने में जुलाई माह बित जाएगा।

-मनोज पाण्डेय,
अध्यक्ष, अशासकीय विद्यालय संचालक संघ

# जिला अस्पताल खुद बीमार
# चारों ओर गंदगी का अंबार
## जलभराव के बीच से गुजरने को मरीज मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नवगठित सक्ती जिले के जिला अस्पताल की हालत इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के तमाम दावों के उलट अस्पताल परिसर खुद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल में चारों तरफ फैली गंदगी, बदबू और अव्यवस्था के कारण यहां आने वाले मरीज और उनके परिजन बेहद परेशान हैं।

बरसात में जिला अस्पताल में उपचार कराने पहुंचने वाले मरीज और परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डों में पसरी गंदगी, संक्रमण का खतराजिला अस्पताल के भीतर विभिन्न वार्डों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। नियमित सफाई न होने के कारण वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। टॉयलेट से लेकर कॉरिडोर तक में कचरा और बदबू पसरी रहती है, जिससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को राहत मिलने के बजाय अन्य संक्रमण होने का खतरा लगातार बना हुआ है। हल्की सी बारिश के बाद अस्पताल में प्रवेश करने का मुख्य रास्ता पूरी तरह पानी में डूब जाता है। महिलाएं और गंभीर मरीज पानी से होकर गुजरने को मजबूर है। निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और लाचार बुजुर्ग मरीजों को हो रही है। डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं और व्हीलचेयर या बैसाखी के सहारे चलने वाले मरीजों को भी इसी गंदे और घुटने तक भरे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। परिजनों को मरीजों को गोद में उठाकर या खींचते हुए ले जाना पड़ रहा है, जो बेहद शर्मनाक स्थिति है।



अस्पताल पहुंचने के रास्ते में भरा पानी तथा इंसेट में परिसर के अंदर गंदगी व कचरा

#### प्रबंधन मौन, जनता में भारी आक्रोश

जिला अस्पताल होने के कारण पूरे जिले के लोग इलाज के लिए इसी पर निर्भर हैं। इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए मांग की है कि जल्द से जल्द मुख्य मार्ग से पानी निकासी की व्यवस्था की जाए और अस्पताल के भीतर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि लोगों को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

#### करा रहे सफाई

अस्पताल में जलभराव की स्थिति न बने, इसके लिए हमने नगरपालिका प्रशासन को ड्रेनेज व्यवस्था ठीक करने हेतु पत्र जारी किया है। वर्तमान में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए बाहर से विशेष मजदूर बुलाकर सफाई कार्य कराया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि परिसर पूरी तरह स्वच्छ और सुरक्षित रहे।

-डॉ. संतोष पटेल
सिविल सर्जन

## आत्मानंद स्कूल के छात्र का अपहरण कर पिटाई, आरोपी को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

आत्मानंद स्कूल अड़भार के कक्षा दसवीं के छात्र का अपहरण कर कुछ लड़कों ने जमकर पिटाई कर दी। मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सपिया निवासी संतोष कुमार यादव ने 11 जुलाई को चौंकी अड़भार पहुंचकर रिपोर्ट कराई कि उसका छोटा लड़का प्रकाश यादव अड़भार के आत्मनंद स्कूल में कक्षा 10 वीं में पढ़ता है। प्रकाश 9 जुलाई की सबुह 11:15 बजे तुषार यादव एवं विराट यादव के साथ मोटर सायकल में आत्मानंद स्कूल अड़भार जाने के लिए निकला था। प्रकाश यादव ने शाम को घर आकर बताया कि करीबन 11:40 बजे से तीनों दुर्गा आटों पार्टस दुकान के पास पहुंचे थे तभी अड़भार के 9 लड़के 4 मोटर सायकल में आए और उसका अपहरण कर बलपूर्वक मोटर सायकल में बैठाकर अड़भार के शनि मंदिर के पीछे गोठान में ले गए। गाली गलौच कर मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी आनंद कुमार रात्रे, दिनेश रात्रे एवं सोम कुमार रात्रे तथा 3 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ कर पूछताछ किये जाने पर उन्होंने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने धारा 296,351 (3),115 (2),137 (2), 191 (2) बीएनएस 67 (बी) आई टी एक्ट, 14 पास्को एक्ट के तहत आनंद कुमार रात्रे, दिनेश रात्रे और सोम कुमार रात्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा। वहीं तीन नाबालिगों को बाल सप्रेक्षण भेजा गया

### सूनेपन का फायदा उठाकर महिला से छेड़छाड़, आरोपी को किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सुनसान स्थान पर बेइज्जती करने की नीयत से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगरी निवासी रामेश्वर उर्फ परमेश्वर उम्र 39 वर्ष द्वारा काम से घर लौट रही महिला से छेडछाड करने लगा। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 एवं 75(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक मनोहर सिन्हा के नेतृत्व में आरोपी रामेश्वर उर्फ परमेश्वर को पकड़ा, जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज गया।

## सड़क की स्वीकृति पर दुग्ध स्नान...



**डोंगाकोहरौद।** डोंगाकोहरौद की बदहाल सड़क के निर्माण के लिए कुछ दिनों पहले उग्र प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद शासन स्तर पर सड़क निर्माण के लिए 6 करोड़ की मंजूरी मिली है। इस पर ग्रामीण ने दुग्ध स्नान कर शासन प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### तीन किलो गांजा के साथ दो तस्कर चढे पुलिस के हत्थे

**बिर्रा।** स्कूटी में गांजा की तस्करी करते दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3.780 किलोग्राम गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस को 11 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी में गांजा का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर टीम ने ग्राम सिलादेही में घेराबंदी कर स्कूटी को पकड़ा। स्कुटी चालक टुण्ड्री निवासी कैलाश आजाद के कब्जे से 3.780 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उसने पुरुषोत्तम साहू निवासी ठकुरडिया से गांजा बिक्री करना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा पुरुषोत्तम साहू को भी पकड़ा गया। पुलिस ने दोनो आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की है।

## 3 दिन से लापता छात्र की गांव के खेत में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

तीन दिन से लापता स्कूली छात्र की लाश गांव के ही खेत में मिली। लाश को गड्ढे से निकलवा कर पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

सक्ती थाना क्षेत्र के परसदा खुर्द का कक्षा 9वीं का छात्र कपिल कुमार केंवट पिता शौखी कुमार केवंट 8 जुलाई की रात्रि 8:30 बजे से लापता हो गया था। कपिल के गायब होने की सूचना सरपंच द्वारा थाने में दी गई थी। इधर परिजन भी अपनी ओर से खोजबीन में जुटे थे।



शनिवार 11 जुलाई को गांव के ही खेत में छात्र का शव बरामद हुआ। छात्र कपिल कुमार केवट का शव खेत में दफन मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गड्ढे से बाहर निकालकर कब्जे में लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले में पुलिस ने एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## कीचड़ में फंसे मवेशियों को निकालकर बचाई जान



घायल मवेशी के साथ युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

ग्राम पिपरदा में मानवता और गौसेवा की मिसाल पेश करते हुए गौरक्षा दल बम्हनीडीह ने देर रात एक गंभीर रूप से घायल बछड़े का रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई । कुत्तों के हमले में घायल बछड़ा सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर कीचड़ में फंसा हुआ था।

ग्राम पिपरदा से रात्रि लगभग 9 बजे गौरक्षा दल बम्हनीडीह के प्रमुख विश्वास सराफ को सूचना मिली कि एक बछड़े को कुत्तों ने बुरी तरह घायल कर दिया है। सूचना मिलते ही विश्वास सराफ अपनी टीम के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचने पर देखा कि लगातार बारिश के कारण पूरा रास्ता कीचड़ से भर चुका था, जिससे वाहन तो दूर पैदल चलना भी बेहद कठिन था। टीम ने पहले घायल गौवंश का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाने का निर्णय लिया। करीब दो घंटे तक लगातार संघर्ष करते हुए रात 12 बजे के बाद घायल गौवंश को सुरक्षित मुख्य सड़क तक पहुंचाया । इसके बाद तत्काल वाहन की व्यवस्था कर उसे गौ सेवा धाम, हथनेवरा भेजा गया, जहां उसका उपचार लगातार जारी है । रेस्क्यू में गौरक्षा दल बम्हनीडीह के प्रमुख विश्वास सराफ के साथ चितरंजन ठाकुर, राघव वस्त्रकार, तरुण पटेल, बीरबल पटेल, लाला केवट एवं राजेश्वर पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

# संयुक्त टीम ने दी दबिश, 1230 किलो महुआ लहान का किया नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर 80 लीटर शराब को जब्त किया गया। साथ ही 1230 किलो महुआ लहान को जब्त कर नष्टीकरण किया गया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सक्ति के निर्देशन में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग और बाराद्वार पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम बस्ती बाराद्वार और ग्राम मुक्ता राजा में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम बस्ती बाराद्वार निवासी शिव दिवाकर पिता जगदीश दिवाकर के घर से 330 किलो महुआ लाहन 11 बोरियां बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।लाहन नष्टः ग्राम मुक्ता राजा के तालाब में छिपाकर रखा गया 900 किलो महुआ पास 30 बोरियां जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। संयुक्त टीम ने मुक्ता राजा के एक खाली मैदान के पास झाड़ियों से 80 लीटर तैयार महुआ शराब लावारिस हालत में जब्त की गई। आबकारी विभाग और बाराद्वार पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम बस्ती बाराद्वार और ग्राम मुक्ता राजा में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश जारी है। पुलिस और आबकारी की टीमों ने बस्ती बाराद्वार के विभिन्न संदिग्ध ठिकानों की सघन तलाशी ली। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अवैध शराब के धंधे से दूर रहने की सख्त हिदायत और समझाइश भी दी गई। उक्त कार्रवाई में बाराद्वार थाना निरीक्षक नरेंद्र यादव, सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल, आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान सहित पुलिस और आबकारी विभाग के अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल रहे।



जब्त महुआ लहान के साथ संयुक्त टीम।

## खबर संक्षेप

### अभाविप स्थापना दिवस पर भाषण प्रतियोगिता



**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78 वें स्थापना दिवस दिवस के अवसर पर अभाविप जांजगीर द्वारा - समाज निर्माण में छात्रों की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद उमावि, ज्ञानदीप विद्यालय, ज्ञानोदय, शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय व शासकीय जाजवलयदेव नवीन कन्या महाविद्यालय व विभिन्न शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थियों ने भाग लिया व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बनाने वाले विवेकानंद विद्यालय, द्वितीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर, तृतीय स्थान ज्ञानोदय, चतुर्थ स्थान ज्ञानदीप व पांचवें स्थान पर सरस्वती शिशु मंदिर के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अशासकीय विद्यालय संघ के जिलाध्यक्ष व विवेकानंद उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य मनोज पाण्डेय व सरस्वती शिशु मंदिर, नैला की प्राचार्या श्रीमती बबीता वर्मा व अन्य विद्यालयों से आए शिक्षकगण उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक उदय पाण्डेय, जिला छात्रा प्रमुख अनामिका सिंह,नगर मंत्री अनुराग त्रिपाठी, सहमंत्री आर्यन सिंह, रितेश राठौर, हेमपुष्पा हंसराज, संस्कार त्रिपाठी, ईशांत कुमार साहू, संस्कार पाण्डेय, शिवांश सिंह सिसोदिया, आदर्श जयसवाल, अनिरुद्ध चौधरी, प्राची सिंह राणा, पारुल शर्मा, करीना चौरसिया, शशि सुर्यवंशी उपस्थित रहे। जिला संयोजक उदय पाण्डेय ने सभी छात्रों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के ध्येय को बताते हुए सदैव छात्रहित व राष्ट्रहित के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। नगर मंत्री अनुराग त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया।

### बाल संरक्षण आयोग में सदस्य बने मनमथ शर्मा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवा से जुड़े मनमथनाथ शर्मा को बाल संरक्षण अधिकार आयोग में सदस्य बनाया गया है।



गौरतलब है कि बीते दिनों राज्य सरकार द्वारा विभिन्न आयोग और निगम मंडलों में सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इस दौरान बाल संरक्षण अधिकार आयोग में शर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति उनके दीर्घ अनुभव, समर्पण, न्याय प्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ समाजसेवा में सक्रिय भूमिका के आधार पर हुई है।

### बिर्रा में खुलेआम बिक रही अवैध महुआ शराब, कार्रवाई की मांग

**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा में अवैध महुआ शराब की खुलेआम बिक्री को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सुबह से देर रात तक गली-मोहल्लों में पॉलीथीन पैक महुआ शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है और युवाओं के साथ बुजुर्ग भी नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आसानी से मिलने वाली इस अवैध शराब के कारण मोहल्लों में शराबियों की भीड़ लगी रहती है, जिससे महिलाओं और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि अवैध शराब के कारण कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का यह भी दावा है कि अवैध शराब बिक्री की शिकायत पुलिस से की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में बिर्रा थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव का कहना है कि उन्हें अवैध शराब बिक्री की शिकायत की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उन्होंने हाल ही में थाना का प्रभार संभाला है और शीघ्र ही अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जगह-जगह जागरुकता शिविर का आयोजन

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभाव एवं कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल सुकली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जनसंख्या वृद्धि के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों के साथ-साथ विधिक अधिकारों, नालसा की योजनाओं, बाल संरक्षण कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सह अध्यक्ष जयदीप गर्ग के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुशवाहा के मार्गदर्शन में शनिवार 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल सुकली (जांजगीर) में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अधिवक्ता परमेश्वर राठौर द्वारा उपस्थित लोगों को विश्व जनसंख्या दिवस मनाये जाने के उद्देश्य के संबंध में जानकारी देते हुए हमारी वैश्विक जनसंख्या आंकड़ा, विश्व में जनसंख्या बढ़ने के कारण होने वाले रोजगार की कमी, आर्थिक विकास गरीबी आय वितरण एवं सामाजिक सुरक्षा को प्रभावित करता है इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मृत्यु की दर एवं जनसंख्या, प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण की सुरक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दिया गया। पैरालीगल वालेंटियर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल द्वारा उपस्थित लोगों को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से मनाते आ रहे हैं विश्व जनसंख्या दिवस के उद्देश्य, जनसंख्या वृद्धि के कारण व रोकने के उपाय, जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाले प्राकृतिक संसाधन के दोहन एवं कमी, लिंगानुपात, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह, प्रथम सूचना रिपोर्ट, संघेय व असंघेय अपराध, नालसा की विभिन्न योजनाओं, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दिया गया। के.वी. कुजुर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सुकली द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस 2026 की थीम युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना - आज और भविष्य के लिए) का जानकारी देते हुए कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. चमेली साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल सुकली के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी देते अधिवक्ता।

### विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में दी गई जानकारी

**बिर्रा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पैरालीगल वालेंटियर रमेश कुमार दिवाकर के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के उद्देश्य , 2026 की थीम युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना - आज और भविष्य के लिए विषय पर जानकारी देते हुए कहा की यह थीम वर्तमान पीढ़ी की चिंताओं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने 21 , 22 और 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले समाधान समारोह के संदर्भ में बताया कि इसकी प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। जिसमें आवेदक एवं अनावेदक के भौतिक एवं आभासी उपस्थिति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सुलह के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही साथ निःशुल्क कानूनी सहायता , नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 , 12 सितंबर 2026 को होने वाले लोक अदालत एवं चेक बाउंस के संबंध में 18 जुलाई एवं 21 नवंबर 2026 को होने वाले विशेष लोक अदालत , घरेलू हिंसा , महिला हेल्पलाइन नंबर, प्रथम सूचना रिपोर्ट की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डी एन देवांगन पत्रकार,छेदुलाल पटेल,मनहरण यादव,परदेशी पटेल, बंशी पटेल, सम्मेलाल, श्रीमती आदित्य,राजकुमारी,राजेश्वर प्रसाद चंद्रा, तेजेंद्र कुमार, फिरू राम पटेल, फिरतू राम यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



### ग्राम पंचायत झलमला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**पामगढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत झलमला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जयदीप गर्ग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के निर्देशानुसार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप के द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के उद्देश्य, 2026 की थीम युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना - आज और भविष्य के लिए विषय पर जानकारी देते हुए कहा की यह थीम वर्तमान पीढ़ी की चिंताओं और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने 21 , 22 और 23 अगस्त 2026 को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले समाधान समारोह के संदर्भ में बताया कि इसकी प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है जिसमें आवेदक एवं अनावेदक के भौतिक एवं आभासी उपस्थिति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा सुलह के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही साथ निःशुल्क कानूनी सहायता , नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 , 12 सितंबर 2026 को होने वाले लोक अदालत आदि की जानकारी दी। पीएलव्ही नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के द्वारा चेक बाउंस के संबंध में 18 जुलाई एवं 21 नवंबर को होने वाले विशेष लोक अदालत , घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन नंबर, प्रथम सूचना रिपोर्ट आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर गोरेलाल निराला , ओंकार प्रसाद शर्मा, दुष्यंत कुमार निर्मलकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## किसानों को धान के स्थान पर लाभकारी फसल लगाने दी गई जानकारी

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विनोद कुमार कश्यप द्वारा किसानों को धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी एवं अन्य लाभकारी फसलों की खेती अपनाने से होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत समय-सीमा में फसल बीमा कराने, आवश्यक दस्तावेज एवं योजना के लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में एग्रीस्टैक के अंतर्गत सक्रिय पीएम-किसान लाभार्थी कृषकों का फार्मर आईडी बनाने का कार्य भी किया गया। किसानों को बताया गया कि फार्मर आईडी के माध्यम से भविष्य में विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ अधिक पारदर्शी, सरल एवं डिजिटल माध्यम से प्राप्त होगा। उपस्थित किसानों ने कृषि विभाग की पहल की सराहना करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा धान के स्थान पर वैकल्पिक लाभकारी फसलों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डी.एन. देवांगन कृषक मित्र, भूषण लाल चंद्रा, घसिया राम यादव, गोरेलाल पटेल, तेरस राम आदित्य, विसंभर पटेल, छत्तराम यादव, ज्योति पटेल, डालचंद जायसवाल, सहारता राम पटेल, अनुराग जायसवाल, बोधराम चंद्रा, सत्तू पटेल, रामगुलाल पटेल आदि के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण कृषक उपस्थित थे।



## पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरारी

पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देवकिरारी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर जनमेजय महोबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- **धरती को हराभरा बनाने का संकल्प लेकर कलेक्टर ने किया पौधारोपण, विद्यार्थियों को दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ**

उन्होंने विद्यालय परिसर में आम, आंवला एवं नीम के पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया।

अपने संबोधन में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में पौधारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। उन्होंने विद्यार्थियों से



पौधे लगाते कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं अन्य।

अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न सब्जियों एवं अन्य उपयोगी पौधों के बीज विद्यालय के शिक्षकों को प्रदान किए गए। कलेक्टर ने इन बीजों का उपयोग विद्यालय परिसर में किचन गार्डन विकसित करने के लिए करने की बात कही, जिससे विद्यार्थियों को जैविक खेती और पोषण संबंधी व्यावहारिक जानकारी मिल सके।विद्यालय की प्राचार्य अंजुला सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधारोपण तभी सफल माना जाएगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी की जाए। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी से एक पौधे की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवकिरारी के सरपंच अशोक कश्यप, पत्रकार कमल कश्यप एवं जालेश्वर कश्यप ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अनुभव तिवारी ने किया। इस अवसर पर सुभाष कश्यप, शशिकांत दीवान, रितेश शर्मा, दीपक भानु, सुनीता कश्यप, उपासना शरामा रविन्द्र शर्मा समन्वयक तरौद करूणा यादव, कुंभकार सर, भूपेन्द्र कंवर, गोपेश पाटले, गोपाल नागदेव, उपासना शर्मा, अनुरंजिता सिंह, सीता कुर्रे, रजनी पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण को जन-आंदोलन बनाने, लगाए गए पौधों की सुरक्षा करने तथा प्लास्टिक मुक्त एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया।

### भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बने गोपाल मित्तल

**चांपा।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायी प्रकोष्ठ में संगठन विस्तार के तहत अनेक नियुक्तियां की गई है। इसके तहत नगर के युवा व्यवसायी गोपाल मित्तल को भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ का प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमिति से की गयी है। मित्तल की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। मित्तल ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारिक वर्ग की समस्याओं तथा सुझावों को पार्टी नेतृत्व तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का प्रयास करेंगे।



## वर्षों से बंद पड़ी नाली खुलने से लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत ससहा में वर्षों से बंद पड़ी नाली को जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के विशेष प्रयास एवं ग्राम पंचायत के समन्वित सहयोग से पुनः खुलवाकर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इससे लोगों ने राहत मिली है।

लंबे समय से नाली अवरुद्ध रहने के कारण वर्षा ऋतु में जलभराव, गंदगी तथा मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीणों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत द्वारा इस समस्या को प्राथमिकता देते हुए जेसीबी मशीन एवं श्रमिकों की सहायता से नाली में जमा मिट्टी, कचरा एवं झाड़-झंखाड़ को हटाने का कार्य प्रारंभ कराया गया। नाली की नियमित सफाई के फलस्वरूप जल निकासी व्यवस्था पुनः सुचारु हो रही है, जिससे आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता का वातावरण बनने के साथ-साथ जलभराव की समस्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। सरपंच एवं सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत का लक्ष्य गांव को स्वच्छ, स्वस्थ एवं जलभराव मुक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से गांव की अन्य बंद एवं जाम नालियों की भी चरणबद्ध तरीके से सफाई कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वच्छता एवं सुगम जल निकासी की सुविधा उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों पुरानी समस्या के समाधान से विशेषकर वर्षा ऋतु में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य को ग्राम विकास, स्वच्छता एवं जनहित की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल बताया।

- **जलभराव, गंदगी तथा मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीणों को अनेक कठिनाइयों का करना पड़ता था सामना**



जेसीबी के माध्यम से नाली को किया जा रहा साफ।

## जल जीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढों में शुरू हुआ क्रांकीटीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर पंचायत शिवरीनारायण के वार्ड क्रमांक 4 सहित महानदी तट के मुख्य मार्ग पर लगभग एक वर्ष से अमृत जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन विस्तार का कार्य चल रहा है लंबे समय तक कार्य अधूरा रहने के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब पिछले कुछ दिन से निर्माण कार्य विभाग द्वारा सड़क की क्रांकिटी करण कार्य कराए जा रहे हैं।

वर्तमान में रामघाट, बाबाघाट, सावघाट, बनियाघाट एवं महंत स्कूल मार्ग तक पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत एवं कंक्रीटीकरण का कार्य जारी है। कार्य पूर्ण होने के बाद इस प्रमुख मार्ग की सुंदरता और मजबूती दोनों में सुधार देखने को मिलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत जल जीवन मिशन के तहत नगर के सभी पात्र परिवारों को नए घरेलू नल कनेक्शन निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कनेक्शन प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों से केवल राशन कार्ड की फोटोकॉपी, आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा मोबाइल नंबर लिया जा रहा है। आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद विभाग द्वारा निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में महानदी किनारे महंतपारा स्थित वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में भी नए जल कनेक्शन देने का कार्य निरंतर जारी है। विभागीय अमला घर-घर पहुंचकर पाइपलाइन से जोड़ने और आवश्यक तकनीकी कार्यों को पूरा कर रहा है। परियोजना के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे उनकी दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति अधिक सुगमता से हो सकेगी।नगरवासियों को उम्मीद है कि शेष कार्य भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिए जाएंगे, जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।



## स्व. बैस ने संपूर्ण जीवन कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए किया समर्पित : मनहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय जगत सिंह बैस की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को नगर के मनकादाई मंदिर, बलौदा रोड स्थित पेंशनर भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

- **जगत सिंह बैस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनधारियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर स्व. बैस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डी.पी. मनहर ने कहा कि स्वर्गीय जगत सिंह बैस ने अपना संपूर्ण जीवन पेंशनधारियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया।

उनके संघर्ष, संगठन क्षमता और सेवा भावना से आज भी हजारों पेंशनधारियों को प्रेरणा मिल रही है। प्रांतीय सचिव रतनलाल कैवर्त ने कहा कि स्व. बैस ने संगठन को मजबूत आधार प्रदान किया और पेंशनधारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सतत संघर्ष किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम को प्रकाश जाधव, के.बी. भारद्वाज, रविंद्र सिंह बैस, भागवत बंजारे, रामभरोस कैवर्त, बी.आर. कोसरे, एम.एल. खांडे, बी.आर. साहू, बी.एस. सिदार, सी.आर. मिरी एवं कमल नारायण यदु ने भी संबोधित करते हुए स्व. जगत सिंह बैस के संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पेंशनर भवन में स्थापित स्वर्गीय जगत सिंह बैस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में इंद्रमणि मरकाम, दुर्गाराव, देवेंद्र दुबे, डी.सी. साहू, देवदार कर्ष, एस.पी. कुर्रे, शिशुपाल निर्मलकर, छोटूराम निर्मलकर, लक्ष्मीनारायण साहू, कीर्तन भारद्वाज, गजेंद्रनाथ सोनी, आर.एस. मरकाम, आनंदराम कंवर, राधेश्याम कंवर, गोरेलाल पटेल, पवार सिंह, राजरोड यादव, राजेंद्र गुप्ता, बेहतरीन भाई, शांति यादव, रामबाई केवट, सावित्री साहू, सावित्री राठौर, देवकी यादव सहित बड़ी संख्या में पेंशनधारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



स्व . जगतसिंह बैस को श्रद्धांजलि अर्पित करते अतिथि एवं पेंशनर।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का 65 लोगों ने उठाया लाभ

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक स्वर्गीय जगत सिंह बैस की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 65 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 35 लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, जबकि 30 लोगों के रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की जांच की गई। शिविर में डॉ. जे.आर. आर्मोर, डॉ. मंजू राठौर, नीति सिंह चंदेल, अनीता साहू, विकास कौशिक एवं अंजू गोयल ने अपनी सेवाएं प्रदान कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम का समापन स्वर्गीय जगत सिंह बैस के बताए सेवा, संघर्ष और संगठन के मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।




